भारत में जनसंख्या नियंत्रण संबंधी कार्यक्रम में प्रगति

1244 **श्री रशीद मसूद :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 13 अक्तूबर, 1987 के "दि हिन्दुस्तान टाईम्स" में प्रकाशित उस समाचार की ओर दिलाया गया है जिसमें यह कहा गया है कि ज्यादातर एशियाई और प्रशांत देशों की उपलब्धियों की तुलना में भारत में जनसंख्या नियंत्रण संबंधी कार्यक्रमों की प्रगति धीमी रही है,

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) देश में इस कार्यक्रम को लोकप्रिय बनाने के लिए सरकार क्या अनुवर्ती कार्यवाही करने का विचार रखती है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्डे): (क) जी हां ।

(ख) और (ग) सरकार जनसंख्या वृद्धि में पर्याप्त गति से कमी न आने के प्रति चिंतित है । परिवार नियोजन को 20 सूत्री कार्यक्रम में राष्ट्रीय कार्रवाई की सूची के रूप में शामिल किया गया है । परिवार कल्याण कार्यक्रम की निरंतर मानीटरिंग की जाती है और इस कार्यक्रम में पिछड़ रहे राज्यों को तुरन्त सूचित किया जाता है । परिवार कल्याण कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू किए जाने की आवश्यकता पिछली बार 3-11-1987 को सभी स्वास्थ्य सचिवों के साथ त्रैमासिक समीक्षा बैठक में दोहराई गई थी ।

इसके अतिरिक्त, सरकार द्वारा किए गए उपायों में निम्न उपाय शामिल हैं :—

राज्य, जिला, और ब्लाक स्तरों पर जन समितियां गठित कर लोगों की भागीदारी बढ़ाना, बुनियादी स्तर के स्वैच्छिक संगठनों को सहायता देना, चुनिंदा लक्षित वर्ग के लिए विशेष संचार अभियान शुरू कर उन्नत संचार प्रणाली अपनाना, चिकित्सा और अर्द्ध-चिकित्सा कार्मिकों के तकनीकी प्रशिक्षण में सुधार लाना, जनसंख्या शिक्षा तेज करना, व्यापक रोगप्रतिरक्षण कार्यक्रम के जरिए बच्चों के जीवित रहने की दर में वृद्धि करना तथा परिवार कल्याण तथा दूसरे सामाजिक-आर्थिक विकास कार्यक्रमों के बीच बहु-क्षेत्रीय सम्पर्क विकसित करना ।

Discontinuance of grants to the fictitious Yoga Institutes

1245. SHRI JASWANT SINGH :
SHRI A G. KULKARNI :

Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state .

(a) whether Government are aware about the article under the caption "Sinking Swami" in "Onlooker" dated 15th October, 1987 and if so, whether any steps are proposed to stop the grants to the fictitious yoga institutes which are used for purposes other than teaching and other revelations made in the said article; and

(b) what action has been taken against Vishwayatan Yogashram and other Yoga Institutions started by Mr. Dhirendra Bramhachari in Delhi and Jammu on the basis of enquiry reports received by the Government ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (KUMARI SAROJ KHAPARDE) : (a) An article has appeared in "Onlooker" dated 15th October, 1987 containing allegations against the Director of the Yoga Institutes getting grant-in-aid from the Government. There is no proposal as such to stop the grant to yoga institutes at present.

(b) Enquiry has been conducted to look into matters relating to appointments/promotions and for accounts of three Yoga